>

Title : Need to construct a dam over river Betwa for mitigating the problem of water-shortage in Bundelkhand region

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : बुन्देलखण्ड में चार साल से पानी न बरसने से वहां के किसान भूखमरी की स्थिति में पहुंच गये है। जानवरों को पानी तथा खाने को भूसा न मिलने से जानवर भी मर रहे है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि बेतवा नदी पर एरच के पास डिकोली गांव में पूहलाद घाट पर लिफ्ट केनाल तथा कोटरा नगर के नीचे बेतवा नदी को सिकरी व्यास मौजा में रेवा नाथ के स्थान के ऊपर तथा खमा घाट के नीचे बांध बना कर बेतवा को रोक दिया जाए तथा पूर्व में मांगी गयी मांग पचनदा बांध बना दिया तो इन योजनाओं से पूरे बुन्देलखण्ड के किसानों को सिंचाई हेतु पानी मिल सकेगा तथा लाभ होगा और भविष्य में सूखे की स्थिति से निपटा जा सकेगा एवं किसानों को आत्महत्या से तथा जानवरों की जान बचाइ जा सकती है।